गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

पत्रांक : 587 /4/पी0ए0–टी0/2021–22 दिनांक 11-04-2022

ठेकेदारी के वास्ते पंजीकरण/नवीनीकरण आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में सिविल/विद्युत कार्यों के सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 के लिए ठेकेदारों के पंजीकरण/नवीनीकरण तथा पूर्व के पंजीकृत ठेकेदारों के नवीनीकरण वर्ष 2022–23 व 2023–24 हेतु समस्त श्रेणी के व्यक्तियों/फर्मों से आवेदन पत्र दिनांक 20.04.2022 से 19.05.2022 तक निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित प्रपत्र बैंक ऑफ बड़ौदा, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद, पी0एन0बी0 (ओ.बी. सी.) बैंक लोहिया नगर, गाजियाबाद से रू0 1000.00 मात्र के नगद भुगतान अथवा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण वैबसाइट **www.gdaghaziabad.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदक द्वारा वैबसाइट से डाउनलोड कर आवेदन पत्र प्रयोग करने की स्थिति में आवेदन के साथ रू0 1000.00 मात्र (अप्रतिदेय) का बैंक ड्राफ्ट, जो उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरंण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा पर देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्वागत कक्ष में दिनांक 20.04.2022 से 19.05.2022 तक कार्यालय दिवस में जमा कराये जा सकेगें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अन्य नियम एवं शर्तें पंजीकरण/नवीनीकरण पुस्तिका अथवा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.gdaghaziabad.in** से डाउनलोड कर देखी जा सकती हैं।

11-4-22

मुख्य अभियन्ता